# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# मार्च, 2025


**संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें**

राजस्थान की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह;

राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )

साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।

visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी मार्च, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 March, 2025

- **27 फरवरी, 2025 को रूसी ग्रैंडमास्टर बोरिस स्पैस्की** (88) का निधन हो गया। उन्होंने पाँच वर्ष की उम्र में खेलना शुरू किया और 18 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर का खिताब जीता। उल्लेखनीय है कि बोरिस स्पैक्सी 'शतरंज के राजकुमार' का खिताब जीतने वाले पहले सोवियत खिलाड़ी थे।
- **वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक भारत को विकसित होने के लिए 7.8% विकास दर से बढ़ना होगा–**
हाल ही में जारी वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक भारत को साल 2047 तक एक हाई इनकम वाला देश बनने के लिए प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय को वर्तमान स्तर से लगभग 8 गुना बढ़ाना होगा। इसके लिए उसे अगले कुछ दशकों तक औसतन 7.8% की वृद्धि दर से विकास करना होगा। वर्ल्ड बैंक की 'इंडिया कंट्री इकोनॉमिक मेमोरेंडम : बिकमिंग ए हाई इनकम इकोनॉमी इन ए जनरेशन' रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश भारत साल 2032 तक एक अपर मिडिल इनकम वाला देश बन जाएगा। लेकिन साल 2047 तक एक विकसित देश बनने के लिए भारत को अगले दो दशकों तक बहुत तेजी से विकास करना होगा, यह एक बड़ा लक्ष्य है।
वर्ल्ड बैंक के अनुसार, साल 2023 में भारत की प्रति व्यक्त सकल राष्ट्रीय आय 2540 डॉलर (करीब 2.22 लाख रुपए) थी। हाई इनकम वाले देश का दर्जा पाने के लिए साल 2047 तक इसे 20 हजार डॉलर (करीब 17.48 लाख रुपए) तक पहुँचाना होगा। वर्ष 2000 से 2024 के बीच भारत की औसत वृद्धि दर 6.3% रहने को मान्यता देते हुए रिपोर्ट कहती है कि भारत की पिछली उपलब्धियाँ उसकी भविष्य की महत्त्वाकांक्षाओं के लिए नींव प्रदान करती हैं।
2000 से लेकर आज तक, वास्तविक रूप से अर्थव्यवस्था लगभग चार गुना बढ़ी है और प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 3 गुना हो गई है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में इसकी हिस्सेदारी 2000 में 1.6 फीसदी थी, जो बढ़कर 2023 में 3.4 फीसदी हो गई है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।
- **दिसम्बर तिमाही में 6.2 % रही भारत की जीडीपी ग्रोथ–**
कृषि क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन के दम पर वर्ष 2024-25 की दिसंबर तिमाही में रियल जीडीपी ग्रोथ रेट 6.2% रही। 28 फरवरी, 2025 को सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में अर्थव्यवस्था 6.5% की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो पहले 6.4% रहने का अनुमान था। नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ रेट 9.9% की दर से बढ़ने की अनुमान है। एनएसओ के मुताबिक, खरीफ फसलों खासकर धान के अच्छे उत्पादन से वर्ष 2024-25 में कृषि क्षेत्र की ग्रोथ रेट दिसंबर तिमाही में 5.6% रहेगी, जो 2023-24 की समान अवधि में केवल 1.5% थी।

**गत एक वर्ष की जीडीपी प्रदर्शन–**

| माह | जीडीपी |
|---|---|
| दिसम्बर, 2023 | 9.5% |
| मार्च, 2024 | 8.4% |
| जून, 2024 | 6.5% |
| सितम्बर, 2024 | 5.6% |
| दिसम्बर, 2024 | 6.2% |

## Newspaper of 2 March, 2025

- **1 मार्च, 2025 को तुहिन कांत पांडेय ने पूँजी बाजार नियामक सेबी के 11वें चैयरमेन के रूप में कार्यभार संभाला है। वे अब तक वित्त सचिव के रूप में सेवाएँ दे रहे थे। इनसे पूर्व माधवी पुरी बुच सेबी की चैयरमैन रहीं थीं, जिनका कार्यकाल 28 फरवरी, 2025 को समाप्त हो गया।**
- **डीआरडीई ने रासायनिक हमलों को नाकाम करने के लिए ऑटोमेटिक केमिकल एजेंट डिटेक्टर और अलार्म (ACADA) बनाया, भारतीय सेना देश की सुरक्षा के लिए इस्तेमाल करेगी–**
हाल ही में रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (डीआरडीई) ग्वालियर की लैब में तैयार ऑटोमैटिक केमिकल एजेंट डिटेक्टर और अलार्म (एसीएडीए) रासायनिक हमलों को नाकाम करेगा। डीआरडीई ने इसे करीब चार साल पहले ईजाद किया था। अब सेनाएँ देश की सुरक्षा में इसका इस्तेमाल करेंगी। यह डिटेक्टर हवा का सैंपल लेकर विषैली गैसों और विषैले औद्योगिक रसायनों की मौके पर ही पहचान करेगा। ऑटोमैटिक केमिकल एजेंट डिटेक्टर और अलार्म पूरी

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

तरह स्वदेशी है। इसक तकनीक को हासिल करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश है। इसे कई वर्ष के अनुसंधान के बाद विकसित किया गया है।

इस डिटेक्टर को प्रयागराज महाकुंभ में तैनात किया गया था। यह आयन मोबिलिटी स्पेक्ट्रोमेट्री के सिद्धांत पर काम करता है। इसे वाहन पर भी लगाया जा सकता है। डिटेक्टर में सेंट्रल कंट्रोल रूप से डेटा प्राप्त करने के लिए रिमोट अलार्म यूनिट होती है।

- **आईआईटी मद्रास में नई खोजों की प्रदर्शनी लगाई गई; ताजी हवा वाला रास्ता सुझाएगा एप, रेल ट्रैक साफ करेगा रोबोट–**

हाल ही में आईआईटी मद्रास में नेशनल एक्सपो आईइन्वेंटिव आयोजित किया जा रहा है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के इस एक्सपो में आईआईटी के साथ ही एनआईटी, आईआईएससी बेंगलुरु, आईआईएसईआर और अन्य संस्थानों की 185 नई खोजों-उपकरणों को प्रदर्शित किया गया है। इनमें स्वच्छ व ताजी हवा वाला यात्रा मार्ग सुझाने वाला ऐप, ईंटों के लिए गोबर का फोमिंग एजेंट, रेलवे ट्रैक की सफाई करने वाला रोबोटिक सिस्टम और बाँस के पाउडर से बोतल बनाने की प्रणाली शामिल हैं।

- **फिक्स्ड थर्स्टर अंडरवाटर व्हीकल**–आईआईटी मंडी ने अंडरवाटर रोबोट तैयार किया है। यह रोबोट पानी के अंदर के चुनौतीपूर्ण वातावरण में नेविगेट करने और कार्य करने में सक्षम है। इसका इस्तेमाल पानी के अंदर बनी बुनियादी संरचना के निरीक्षण, रखरखाव और मरम्मत के लिए किया जा सकता है।
- **इंटेलिजेंट ट्रैक क्लीनिंग मशीन**–कर्नाटक के गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज मोसालेहोसल्ली ने कम से कम मानवीय हस्तक्षेप के साथ रेलवे ट्रैक साफ करने के लिए इंटेलिजेंट ट्रैक क्लीनिंग रोबोट विकसित किया है। ये रोबोट 10 मिनट के समय 15 मीटर लंबा ट्रैक साफ कर सकता है।
- **गोबएयर**–आईआईटी इंदौर ने गोबर से बना फोमिंग एजेंट 'गोबएयर' प्रदर्शित किया है। गोबएयर नाम से बनाए गए गोबर के पाउडर का इस्तेमाल ईंट बनाने में करने से ना केवल ईंट का वजन कम हो सकता है बल्कि गर्मी में भी ये घर को ठंडा रखेगा और इससे ईंटों कि कीमत भी कम हो सकेगी। टीम ने किए शोध के मुताबिक इस फोमिंग एजेंट को डालकर बनाई हुई ईंट साधारण ईंट के मुकाबले 24% तक सस्ती होगी।

## Newspaper of 3 March, 2025

- **हाल ही में फ्लाइंग ऑफिसर तनुष्का सिंह वायुसेना की जगुआर फाइटर जेट स्क्वॉड्रन में स्थायी नियुक्ति पाने वाली पहली महिला पायलट बन गई हैं।**

- **2 मार्च, 2025 को देश के पहले विश्व शांति केन्द्र का उद्घाटन हरियाणा के गुरुग्राम के सेक्टर 39 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया।**

उल्लेखनीय है कि अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक आचार्य लोकेश मुनि के नेतृत्व में बनाए गए इस अद्भुत केन्द्र का मकसद है–दुनिया में शांति अहिंसा और सद्भाव का संदेश फैलाना।

- **अमेरिकी कंपनी लैंडर फायरफ्लाई एयरोस्पेस ने चाँद पर अपना यान 'ब्ल्यू घोस्ट' उतारा–**

22 मार्च, 2025 को अमेरिकी कंपनी ने चाँद की सतह पर अपना यान 'ब्ल्यू घोस्ट' उतार दिया है। चाँद पर पहुँचने में सफल होने वाली यह दूसरी निजी कंपनी है। इसे फ्लोरिडा के केप केनेवेरल से 15 जनवरी को फाल्कन-9 रॉकेट से भेजा गया था।

लैंडर चाँद के मैदानी इलाके मारे क्रिसियम की सतह पर उतरा। इलाके का व्यास 500 किलोमीटर है। दो मीटर ऊँचा व तीन मीटर चौड़ा लैंडर वहाँ 14 दिन गुजारेगा। कई उपकरणों से लैस लैंडर कई प्रयोग करेगा। यह चाँद की सतह पर ड्रिल कर मिट्टी के नमूने जमा करेगा। इस दौरान इसकी हाई डेफिनिशन इमेजरी 14 मार्च के पूर्ण सूर्यग्रहण की तस्वीरें लेगी। यह 16 मार्च को चाँद पर सूर्यास्त को भी रिकॉर्ड करेगा।

**ब्ल्यू घोस्ट लैंडर एक नजर में–**

ब्ल्यू घोस्ट लैंडर में 10 उपकरण हैं। इनमें चाँद की मिट्टी का विश्लेषण करने वाला यंत्र और विकिरण को सहन करने में सक्षम कम्प्यूटर शामिल है। सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम का इस्तेमाल कर चाँद तक पहुँचने का परीक्षण करने वाले यंत्र भी इसके साथ भेजे गए हैं। हिप्पोपोटैमस या कॉम्पैक्ट कार के आकार वाले गोल्डन लैंडर ने चाँद तक पहुँचने के रास्ते में पृथ्वी और चाँद की कई तस्वीरें लीं।

उल्लेखनीय है कि फरवरी 2024 में अमेरिका की इंट्यूटिव पहली निजी कंपनी थी, जिसे चाँद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग में सफलता मिली थी। यह उद्योगों को इस तरह के अभियानों में नासा को साथ लाने की कोशिशों का हिस्सा है। इसका मकसद भावी आर्टेमिस अभियान के लिए सहयोग हासिल करना है। आर्टेमिस के जरिए नासा का लक्ष्य इंसानों को चाँद की सतह पर उतारना है।

- **रणजी ट्रॉफी 2025 का मैच ड्रॉ हुआ; पहली पारी में बढ़त के आधार पर विदर्भ की टीम जीती; छह साल बाद चैम्पियन बनीं–**

विदर्भ ने 2 मार्च, 2025 को फाइनल मुकाबले के अंतिम दिन तीसरी बार रणजी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया। नागपुर के मैदान पर खेले गए इस खिताबी मुकाबले में

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

विदर्भ ने पहली पारी में 37 रन की बढ़त के आधार पर जीत दर्ज की। विदर्भ ने अपनी पहली पारी में 379 रन बनाए थे। इसके जवाब में केरल टीम 342 रन पर ही सिमट गई थी। विदर्भ ने तीन या उससे ज्यादा बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली सातवीं टीम बन गई। इससे पहले मुंबई (42), कर्नाटक (8), दिल्ली (7), मध्यप्रदेश (5), बड़ौदा (5), और सौराष्ट्र (4) यह कारनामा कर चुके हैं। विदर्भ इससे पहले 2017-18 और 2018-19 में लगातार खिताब जीता था। यह उसकी 7 साल में तीसरी ट्रॉफी है।

- रणजी विजेता विदर्भ टीम को ₹ 05 करोड़ मिले।
- रणजी उपविजेता केरल टीम को ₹ 03 करोड़ मिले।
- प्लेयर ऑफ द फाइनल विदर्भ टीम के दानिश मालेवार रहे इन्होंने दोनों पारियों में 153 व 173 रन बनाए।
- प्लेयर ऑफ इ टूर्नामेंट विदर्भ टीम के हर्ष दुबे रहे इन्होंने 476 रन देकर 69 विकेट लिए।
- रणजी 2025 ट्रॉफी में खिलाड़ियों को प्रदर्शन–

**टूर्नामेंट के शीर्ष 5 बल्लेबाज**

| खिलाड़ी | टीम | मैच | रन | औसत | शतक | अर्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यश राठौड़ | विदर्भ | 10 | 960 | 53.33 | 05 | 03 |
| शुभम शर्मा | मध्यप्रदेश | 07 | 943 | 104.77 | 03 | 04 |
| तन्मय अग्रवाल | हैदराबाद | 07 | 934 | 77.83 | 04 | 02 |
| करुण नायर | विदर्भ | 09 | 863 | 49.59 | 04 | 02 |
| मालेवार | विदर्भ | 09 | 783 | 51.34 | 02 | 0 |

**टूर्नामेंट के शीर्ष 5 गेंदबाज**

| खिलाड़ी | टीम | मैच | विकेट | औसत | इको. रेट | 5 विकेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हर्ष दुबे | विदर्भ | 10 | 69 | 16.98 | 2.66 | 07 |
| आकिब नबी | जम्मू | 08 | 44 | 13.93 | 2.74 | 06 |
| शम्स मुलानी | मुंबई | 09 | 44 | 23.52 | 2.97 | 03 |
| डीए जडेजा | सौराष्ट्र | 09 | 40 | 20.85 | 2.98 | 03 |
| जलज सक्सेना | केरल | 10 | 40 | 22.55 | 2.68 | 05 |

## Newspaper of 4 March, 2025

### ■ ऑस्कर अवार्ड 2025 की घोषणा हुई; फिल्म 'अनोरा' ने बेस्ट फिल्म सहित 5 अवॉर्ड्स जीते–

3 मार्च, 2025 को 97वें ऑस्कर अवॉड्र्स की घोषणा कर दी गई है। 23 कैटेगरी में ऑस्कर विजेताओं में फिल्म द ब्रूटलिस्ट के लिए एड्रिअन ब्रॉडी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, फिल्म अनोरा के लिए मिकी मेडिसन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का ऑस्कर जीता। सेक्स वर्कर की कहानी पर बनी फिल्म अनोरा ने इस साल सबसे ज्यादा 5 अवॉर्ड–बेस्ट पिक्चर, बेस्ट डायरेक्शन, बेस्ट स्क्रीन प्ले, बेस्ट एडिटिंग, बेस्ट एक्ट्रेस कैटेगरी में जीते है। उसे कुल छह नामांकन मिले थे। दूसरे नंबर पर फिल्म द ब्रूटलिस्ट को बेस्ट एक्टर के अलावा बेस्ट पिक्चर और बेस्ट डायरेक्टर (ब्रैडी कार्बेट) के अवॉर्ड्स मिले हैं। वहीं भारत की की ओर से शामिल 'अनुजा' रेस में पिछड़ गई।

'अनोरा' के निर्देशक सीन बेकर एक ही फिल्म के लिए चार व्यक्ति ऑस्कर जीतने वाले पहली हस्ती बन गए हैं। उन्हें पटकथा, फिल्म संपादन, निर्देशन और सर्वश्रेष्ठ चित्र के लिए अवॉर्ड दिया गया। वॉल्ट डिज्नी ने 1953 में चार ऑस्कर जीते थे, लेकिन पाँचों अलग-अलग फिल्मों के लिए थे। साठ लाख डॉलर (करीब 52.42 करोड़ रुपए) में बनी 'अनोरा' ने दुनियाभर में 4.1 करोड़ डॉलर (करीब 358 करोड़ रुपए) का कारोबार किया। भारत में यह फिल्म इसी महीने ओटीटी पर रिलीज होगी।

**97वें ऑस्कर पुरस्कार 2025 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन–**

- फिल्म – अनोरा
- अभिनेता – एंड्रियन ब्रॉडी (द ब्रुटलिस्ट)
- अभिनेत्री – माइकी मेडिसन (अनोरा)
- सह-अभिनेता – कीरेन कुल्किन (ए रियल पेन)
- सह-अभिनेत्री – जोई सल्दाना (एमिलिया पेरेज)
- निर्देशक – सीन बेकर (अनोरा)
- मौलिक पटकथा – अनोरा
- संपादन – अनोरा
- फोटोग्राफी – द ब्रुटलिस्ट
- विदेशी फिल्म – आइ एम स्टिल हेयर (ब्राजील)

### ■ भारत की 28 नदियों में 6327 डॉल्फिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपोर्ट जारी की–

3 मार्च, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में पहली बार नदी डॉल्फिन अनुमान रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के अनुसार देश में 6,327 नदी डॉल्फिन हैं। यह अनुमान आठ राज्यों की 28 नदियों का सर्वेक्षण करने के बाद जारी किया गया। इस दौरान 3150 दिन में 8500 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र को कवर किया गया। सबसे अधिक संख्या उत्तरप्रदेश में दर्ज की गई। मोदी ने डॉल्फिन के आवास क्षेत्रों में स्कूली बच्चों के लिए एक्सपोजर विजिट आयोजित करने की सलाह दी।

**एशियाई शेरों की गणना इसी साल :** मोदी ने जूनागढ़ में नेशनल रेफरल सेंटर फॉर वाइल्डलाइफ की आधारशिला रखी। उन्होंने घोषणा की कि एशियाई शेरों की 16वीं गणना इस साल की जाएगी। उन्होंने कोयंबटूर में वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट बनाने और मध्यप्रदेश के गाँधी सागर अभयारण्य और गुजरात के बन्नी ग्रासलैंड्स में चीता पुनर्वास कार्यक्रम का

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

ऐलान किया। मोदी ने संकटग्रस्त पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण) के संरक्षण की राष्ट्रीय कार्ययोजना बनाने के साथ घड़ियाल, गोडावण और भारतीय स्लॉथ बियर के संरक्षण के लिए टास्कफोर्स बनाने के निर्देश दिए।

- **स्पेन के बार्सिलोना में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस-2025 का आगाज हुआ–**

3 मार्च, 2025 को स्पेन के बार्सिलोना में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस-2025 का आगाज हुआ। पहले ही दिन कंपनियों ने अपना नया कॉन्सेप्ट फोन, लैपटॉप, कम्प्यूटर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पेश किए। चीन की कंपनी इनफिनिक्स ने धूप से चार्ज होने वाला फोन लॉन्च किया है। इसमें पीछे सोलर पैनल दिया गया है। कंपनी ने सोलर चार्जिंग फोन केस भी पेश किया है, जो सूर्य की रोशनी से फोन को चार्ज कर सकता है। यह तकनीक पेरोव्स्काइट सौर सेल पर आधारित है, जो पारंपरिक सिलिकॉन सेल से हल्के और सस्ते होते हैं। यह सिस्टम 2 वाट तक चार्जिंग दे सकता है और फोन की बैटरी लंबी चलाने में मदद करता है। वहीं, लेनोवो ने सौर ऊर्जा से चलने वाला कॉन्सेप्ट लैपटॉप प्रदर्शित किया। सूर्य की रोशनी से ऊर्जा लेकर चार्ज होगा। यह एआई तकनीक से लैस है। 6 मार्च तक चलने वाली मोबाइल कांग्रेस में एक लाख से अधिक पेशेवर और 1500 से ज्यादा कंपनियाँ प्रॉडक्ट लेकर आई हैं।

## Newspaper of 5 March, 2025

- **राजस्थान मध्यप्रदेश में चीता कॉरिडोर के लिए क्षेत्र निर्धारण किया गया; कूनो नेशनल पार्क से गांधीसागर अभयारण्य तक चीता लैंडस्केप 17 हजार वर्ग किमी में होगा, इसमें राजस्थान का 37% हिस्सा–**

हाल ही में चीतों के लिए कूनो से गांधीसागर अभयारण्य तक लैंडस्केप निर्धारित कर दिया गया है। इसमें मध्यप्रदेश और राजस्थान का 17 हजार वर्ग किमी क्षेत्र आएगा जिसमें 61% हिस्सा मध्यप्रदेश और करीब 37% हिस्सा राजस्थान का होगा। कुछ एरिया यूपी का भी शामिल किया गया है। राजस्थान में सबसे अधिक क्षेत्र कोटा संभाग का होगा। भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून की ओर से चीता विचरण के लिए तय मापदंड के अनुसार यह क्षेत्र निर्धारण किया गया है। इससे पहले यहाँ सर्वे किया गया था।

**राजस्थान के इन अभयारण्यों को किया शामिल–**

कूनो-गांधीसागर लैंडस्केप में मध्यप्रदेश का 10 हजार 500 वर्ग किमी और राजस्थान का 6500 वर्ग किमी क्षेत्र को शामिल किया है। राजस्थान में बारां, सवाईमाधोपुर, करौली, कोटा, झालावाड़, बूँदी एवं चित्तौड़गढ़ जिलों में स्थित वनक्षेत्र तथा वन्यजीव संरक्षित क्षेत्र को शामिल किया गया है। राजस्थान सीमा के भीतर कूनो-गांधीसागर चीता लैंडस्केप ने चित्तौड़गढ़ जिले के प्रादेशिक वनमण्डल के अधीन वनक्षेत्र और वन्यजीव वनमंडल के अंतर्गत बस्सी अभयारण्य, भैंसरोडगढ़ अभयारण्य को शामिल किया है। इन जिलों में मुकुंदरा, रामगढ़, रणथम्भौर, घड़ियाल, शेरगढ़ समेत अन्य अभयारण्य आ रहे हैं।

- **देश में हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रक की टेस्टिंग शुरू, 2 साल तक कार्गो मार्ग पर दौड़ेंगे वाहन–**

देश में 2070 तक जीरो कार्बन एमिशन का लक्ष्य हासिल करने की कोशिश जारी है। इसी कड़ी में देश के पहले हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रकों की टेस्टिंग शुरू हो गई है। इससे देश में लंबी दूरी की माल ढुलाई के लिए हाइड्रोजन संचालित वाहनों के उपयोग की शुरुआत हो सकेगी। हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों का वास्तविक दुनिया में परीक्षण करना उनके भविष्य में बड़ी संख्या में संचालन के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए जरूरी है। नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत देश की सबसे बड़ी कमर्शियल व्हीकल मैन्युफैक्चर टाटा मोटर्स को इस ट्रायल के लिए टेंडर दिया गया था। टाटा मोटर्स ने हाइड्रोजन संचालित हेवी-ड्यूटी ट्रकों का पहला निरीक्षण शुरू किया है। ये परीक्षण 24 महीने तक देश के प्रमुख मालवाहक मार्गों पर किया जाएगा। इनमें मुंबई-पुणे, दिल्ली-एनसीआर, सूरत-वडोदरा, जमशेदपुर और कलिंगनगर शामिल हैं। अलग-अलग कॉन्फिगरेशन और पेलोड क्षमता वाले एडवांस हाइड्रोजन से चलने वाले 16 ट्रक इस टेस्टिंग में भाग लेंगे। 300 से 500 किलोमीटर की ऑपरेशनल रेंज के साथ, इन ट्रकों को सस्टेनबेल, कॉस्ट-इफेक्टिव और हाई परफॉरमेंस ट्रांसपोर्टेशन के लिए तैयार किया गया है। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्रायल को हरी झंडी दिखाते हुए कहा, 'हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है, जिसमें कार्बन उत्सर्जन को कम करने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के साथ भारत के ट्रांसपोर्ट सेक्टर को बदलने की अपार क्षमता है। इस तरह की पहल हैवी ट्रकिंग में सस्टेनेबिलिटी लाने में मदद करेगी।'

## Newspaper of 6 March, 2025

- **हाल ही में भारतीय विधि सेवा की अधिकारी अंजू राठी राणा को विधि सचिव नियुक्त किया गया है। यह पहली बार है जब किसी महिला को इस पद की जिम्मेदारी दी गई है। अंजू राठी राणा ने 2017 में वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यभार संभाला था। इससे पहले वे 18 वर्षों तक दिल्ली सरकार में पब्लिक प्रॉसिक्यूटर के रूप में कार्यरत थीं।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **हाल ही में थाइलैंड के शहर पटाया में आयोजित मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता में बीकानेर (राजस्थान) की एंजिला स्वामी ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास के दम पर मिसेज यूनिवर्स 2025 का खिताब जीता है। उन्होंने मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता में वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।**

- **महिला पुलिसकर्मियों के लिए देश में दुनिया का पहला फुल बॉडी प्रोटेक्टिव गियर बनाया–**

भारत के रक्षा संस्थान ने महिला सैनिकों और पुलिसकर्मियों की जरूरतों के हिसाब से अपनी तरह का पहला बॉडी प्रोटेक्टिव गियर तैयार कर लिया है। यह महिला सुरक्षाकर्मियों को दंगों या अन्य चुनौतीपूर्ण हालात में बचाने में सहयोगी होगा। अभी तक महिला पुलिसकर्मी पुरुषों के लिए बने प्रोटेक्टिव गियर ही इस्तेमाल करती आई हैं। पुरुषों के इन गियर को पहनकर महिला पुलिसकर्मियों के लिए सहजता से ड्यूटी करना आसान नहीं था।

- **तेजस लड़ाकू विमान के लिए स्वदेशी रक्षक प्रणाली का सफल परीक्षण–**

डीआरडीओ ने तेजस लड़ाकू विमान के पायलटों के लिए स्वदेशी जीवन रक्षक प्रणाली (आईएलएसएस) का सफल परीक्षण किया। यह प्रणाली उड़ान के दौरान पहाड़ी ऊँचाईयों पर पायलटों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराती है, जिससे सिलेंडर की आवश्यकता खत्म हो जाती है। यह परीक्षण 4 मार्च को हुआ, जिसमें आईएलएसएस ने 50,000 फीट की ऊँचाई और कठिन उड़ान में सफलता प्राप्त की।

- **सेनाओं के लिए हथियार खरीद फास्ट ट्रैक होगी, रक्षा खरीद नीति बदलेगी; 5 साल में 9 लाख करोड़ रुपए के सैन्य सामान खरीद की योजना–**

रक्षा खरीद नीति (डीपीपी) में सुधार के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में एक कमेटी गठित की है। अभी हथियार व सैन्य प्लेटफॉर्म की खरीद में 8 चरण होते हैं। सबसे पहले आकलन करते हैं कि हथियार बाहर से क्यों खरीदना है। फिर खरीद के लिए सूचना आमंत्रित करना, प्रस्ताव मंगाना, टेक्नीकल ट्रायल, फील्ड ट्रायल, कॉमर्शियल दावे मंगाना, सबसे कम दाम वाला वेंडर चुनना जैसी प्रक्रियाएँ हैं। पूरे काम में कम से कम 8 साल लग जाते हैं। कमेटी देखेगी कि यह प्रक्रिया एक-दो साल में कैसे पूरी हो सकती है।

- ♦ वायुसेना के लिए रफाल विमान खरीदने में 20 साल लगे। 126 विमान खरीदने की प्रक्रिया 2001 में शुरू हुई थी। विवादों के बीच फ्रांस से 36 विमान खरीदे गए। पहला रफाल 2019 में मिला।
- ♦ वायुसेना का 114 लड़ाकू विमान खरीदने का प्रस्ताव करीब 7 साल से ठंडे बस्ते में है।
- ♦ सेना के लिए 200 कामोव हेलीकॉप्टर डील की घोषणा 2015 में हुई। अभी तक लंबित।
- ♦ 56 सी-295 विमानों के सौदे की मंजूरी 2015 में हुई थी। अभी तक हस्ताक्षर नहीं हुए हैं।
- ♦ नौसेना के लिए यूटिलिटी हेलीकॉप्टर लेने की डील 7 साल से लटकी हुई है।

- **केन्द्र सरकार ने केदारनाथ धाम एवं सिखों के धर्मस्थल हेमकुंड साहिब केदारनाथ में रोपवे बनाने की मंजूरी दी–**

5 मार्च, 2025 को केन्द्रीय कैबिनेट ने उत्तराखंड में दो अहम रोपवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी। पहला प्रोजेक्ट समुद्र तल से 11,968 फीट ऊपर स्थित केदारनाथ धाम का है। गोंडोला (थ्रीएस) तकनीक पर रोपवे बनेगा। केदारनाथ की यात्रा गौरीकुंड से शुरू होती है, जो केदार मंदिर से 16 किमी पहले है। सोनप्रयाग से गौरीकुंड 5 किमी दूर है। यानी कुल 21 किमी का सफर गोंडोला से होगा। अभी यह दूरी तय करने में 8-9 घंटे लग जाते हैं। गोंडोला से महज 36 मिनट लगेंगे। कैबिनेट बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि दूसरा प्रोजेक्ट 15 हजार फीट ऊपर स्थित सिखों के धर्मस्थल हेमकुंड साहिब तक रोपवे का है।

**हेमकुंड साहिब : फूलों की घाटी देख सकेंगे–**गोविंदघाट से घांघरिया (10.55 किमी) तक मोनोकेबल डिटेचेबल गोंडोला रोपवे बनेगा। फिर घांघरिया से हेमकुंड साहिब (1.85 किमी) तक थ्रीएस गोंडोला होगा। इससे हर घंटे 1100 यात्री सफर करेंगे यानी रोज 11 हजार। रास्ते में फूलों की घाटी का नजारा दिखेगा।

- **ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के स्टीव स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से सन्यास लिया–**

5 मार्च, 2025 को ऑस्ट्रेलिया टीम के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत के हाथों मिली हार के बाद वनडे क्रिकेट से सन्यास ले लिया है। 35 वर्षीय बल्लेबाज स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की है। वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहेंगे। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा रहे थे। स्मिथ दो विश्वकप जीत चुके हैं। वह 2015 में माइकल क्लार्क और 2023 में पैट कमिंस की कप्तानी में वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे।

- **सबसे सटीक समय बताने वाली घड़ी लॉन्च; 10 अरब वर्ष में आएगा सिर्फ 1 सेकण्ड का अंतर–**

5 मार्च, 2025 को जापान की क्योटो स्थित कंपनी शिमाड्जु

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

कॉर्प ने दुनिया की सबसे सटीक घड़ी 'एथर क्लॉक ओसी 020' को बिक्री के लिए लॉन्च किया। इस घड़ी की कीमत 3.3 मिलियन डॉलर (करीब ₹ 28 करोड़) है। कंपनी का दावा है, घड़ी इतनी सटीक है कि 10 अरब वर्ष में सिर्फ एक सेकण्ड का ही अंतर आएगा। यह घड़ी स्ट्रोंटियम ऑप्टिकल लैटिस क्लॉक तकनीक पर आधारित है, जो वर्तमान में सेकण्ड की परिभाषा के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सीजियम परमाणु घड़ियों से 100 गुना अधिक सटीक है। आकार 3 फीट ऊँचा और 250 लीटर की क्षमता वाला  है, जो अपनी श्रेणी में सबसे छोटा उपकरण है।

**अनुसंधानों में उपयोगी**–कंपनी ने कहा कि घड़ी का इस्तेमाल वैज्ञानिक अनुसंधानों में किया जा सकता है, जैसे भूकंपीय गतिविधियों का निरीक्षण और सापेक्षता के सिद्धांतों की जाँच। इससे पहले, ऑप्टिकल लैटिस घड़ियों को टोक्यो के प्रसिद्ध स्काईट्री टावर में परीक्षण के लिए लगाया गया था।

- **3आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का तीन दिवसीय आयोजन जयपुर में संपन्न हुआ–**

5 मार्च, 2025 को एशिया प्रशांत क्षेत्र में 12वें क्षेत्रीय 3आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का तीन दिवसीय आयोजन जयपुर में सम्पन्न हो गया। आयोजन के अंतिम दिन सर्कुलर इकोनॉमी व रिड्यूस-रीयूज-रीसाइकल के विचार पर नीतियाँ बनाने के लिए जयपुर घोषणा पत्र जारी किया, जो एक दशक तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान एश्यिा प्रशांत क्षेत्र के 24 देशों के 200 प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

**अगला आयोजन ब्राजील में**–एशिया और प्रशांत में 12वें क्षेत्रीय 3आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का अगला आयोजन 2025 में ब्राजील के साओ पाउलो में होगा। भारत ने 2026 में विश्व सर्कुलर इकोनॉमी फोरम की मेजबानी के लिए उम्मीदवारी की घोषणा की।

## Newspaper of 7 March, 2025

- **6 मार्च, 2024 को केन्द्रीय श्रममंत्री मनसुख मांडविया ने घोषणा की कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) जल्द ही 'ईपीएफओ 3.0 वर्जन' लॉन्च करेगा। इसमें खाताधारक सीधे एटीएम से पैसे निकाल सकेंगे। इसके अलावा और भी, कई नई सुविधाएँ जोड़ी जाएँगी। खाताधारकों को यूनिवर्सल अकाउंट नंबर के जरिए सभी सेवाएँ मिलेंगी। बैंक की तरह ऑनलाइन लेन-देन की सुविधा भी मिलेगी।**

- **महाराष्ट्र सरकार ने मीडिया निगरानी केन्द्र बनाया–**

महाराष्ट्र सरकार ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया की समाचार सामग्री का विश्लेषण करने के लिए मीडिया निगरानी केन्द्र (एमएमसी) स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए 10 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। एमएमसी का प्रबंधन सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय करेगा। इसके लिए सरकार द्वारा अधिसूचना भी जारी की गई है जिसके अनुसार एमएमसी प्रिंट व प्रसारण मीडिया में तथ्यात्मक और भ्रामक रिपोर्टों को एकत्रित और विश्लेषण कर एक रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके लिए पेशेवर सलाहकार को रखा जाएगा।

- **हाल ही में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस जॉयमाल्या बागची को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस हरीश टंडन को उड़ीसा हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त करने की भी सिफारिश की है।**

- **आईआईटी मद्रास द्वारा बनाया गया सिस्टम बैलिस्टिक मिसाइलों के हमले से इमारतों को बचाएगा–**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी), मद्रास के शोधकर्ताओं ने ऐसा सिस्टम विकसित किया है, जिसमें बैलिस्टिक मिसाइलों के हमले से इमारतों को बचाया जा सकता है। शोधकर्ताओं की योजना अब इस सिस्टम की मदद से ऐसा हल्का, कम खर्च वाला टिकाऊ बैलिस्टिक-प्रूफ मटेरियल बनाने की है, जिसे सेना सीमा पर बंकर बनाने में इस्तेमाल कर सके। 'रिलाइएबिलिटी इंजीनियरिंग एंड सिस्टम सेफ्टी' जर्नल में छपे शोध के मुताबिक अक्सर बैलिस्टिक मिसाइलों से बुनियादी ढाँचों को भारी नुकसान पहुँचता है।

नया सिस्टम मजबूत कंक्रीट (आरसी) के पैनलों के बैलिस्टिक प्रतिरोध को बेहतर बनाने के लिए नया समाधान विकसित करने में डिजाइनरों की मदद करेगा। कम्प्यूटेशनल सिमुलेशन तकनीक का इस्तेमाल कर शोधकर्ताओं ने आरसी पर मिसाइलों के प्रभाव का अध्ययन किया। आरसी सैन्य बंकरो, परमाणु ऊर्जा भवनों और पुलों से लेकर रनवे तक महत्त्वपूर्ण संरचनाओं के निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली मुख्य सामग्री है।

- शोधकर्ताओं ने एक फॉर्मूला तैयार किया है। इससे कंक्रीट पर मिसाइल हमले से बनने वाले गड्ढे का सटीक अनुमान लगाया जा सकता है। नए सिस्टम से डिजाइनर्स को ज्यादा भरोसेमंद व सटीक डेटा मिलेगा। इससे वे ऐसी संरचनाएँ बना सकेंगे, जो मिसाइल हमलों का बेहतर सामना कर सकें।
- शोधकर्ताओं ने फाइनाइट एलीमेंट (एफई) सिमुलेशन एलीमेट (एफई) सिमुलेशन कम्प्यूटिंग तकनीक का

इस्तेमाल किया। इससे पता लगाया कि मिसाइलों का कंक्रीट पर क्या असर पड़ता है। सिमुलेशन ऐसी तकनीक है, जिससे असर का अनुमान लगाया जाता है और उस पर काबू पाने की विधि खोजी जाती है।

## Newspaper of 8 March, 2025

- **भारतीय नौसेना का प्रमुख थिएटर लेवल ऑपरेशनल एक्सरसाइज (ट्रोपेक्स)-2025 तीन महिने के संचालन के बाद हाल ही में भारतीय महासागर क्षेत्र में सम्पन्न हुआ।**

## Newspaper of 10 March, 2025

- **हाल ही में नासा की भारतवंशी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में दो रिकॉर्ड बना दिए हैं। वह अंतरिक्ष में सबसे लम्बे समय तक रहने वाली पहली महिला बन गई हैं। वह नौ महिने से भी ज्यादा समय से अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) में हैं। सुनीता विलियम्स सबसे ज्यादा स्पेस वॉक करने वाली पहली महिला भी बन गई हैं। उनकी यह तीसरी अंतरिक्ष यात्रा है। तीनों यात्राओं में अब तक वह नौ बार स्पेसवॉक कर चुकी है। उन्होंने 62 घंटे 6 मिनट स्पेसवॉक में बिताए।**
- **हाल ही में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने एशियन चैम्पियनशिप जीत ली है। फाइनल मैच में भारत ने मेजबान ईरान को 32-25 से हराकर पाँचवी बार यह खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान अजेय रही। गौरतलब है कि यह टूर्नामेंट आठ साल के अंतराल के बाद आयोजित किया गया। अंतिम बार 2017 में हुई चैंपियनशिप में भारत ने दक्षिण कोरिया को हराकर खिताब जीता था।**
- **भारतीय ने क्रिकेट टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की–**

9 मार्च, 2025 को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरी बार यह ट्रॉफी अपने नाम की। ऐसा करने वाली इंडिया पहली टीम बन गई है। 2002 में भारत ने श्रीलंका के साथ संयुक्त रूप से चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी। 2013 में इंग्लैंड को हराया था।

भारत ने 10 महीने में दूसरी बार वर्ल्ड चैम्पियन का खिताब जीता है। इससे पहले 29 जून, 2024 को टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में भारत ने द. अफ्रीका को हराया था। रोहित शर्मा 76 रन की पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। भारतीय क्रिकेट टीम को चैम्पियन बनने पर ₹ 20 करोड़ मिले।

प्लेयर ऑफ द सीरिज स्कॉरर का पुरस्कार रचिन रवीन्द्र को मिला उन्होंने 263 रन बनाए और 3 विकेट भी लिए। टॉप बॉलर का पुरस्कार न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को मिला, इन्होंने 10 विकेट लिए टॉप फील्डर का पुरस्कार विराट कोहली को मिला, इन्होंने 07 कैच लिए।

## Newspaper of 11 March, 2025

- **हाल ही में कनाडा में बैंक ऑफ कनाडा के पूर्व गवर्नर मार्क कार्नी कनाडा की सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के प्रमुख चुन लिए गए हैं। वह कनाडा के नए प्रधानमंत्री होंगे। वह जस्टिन ट्रूडो का स्थान लेंगे। उल्लेखनीय है कि मार्क कार्नी को लिबरल पार्टी के 86 फीसदी सदस्यों ने वोट देकर नेता चुना है।**
- **10 मार्च, 2025 को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवपुरी जिले में नए टाइगर रिजर्व माधव नेशनल टाइगर रिजर्व में पन्नाबाघ अभयारण्य से लाई बाघिन को छोड़ते हुए इसका लोकार्पण किया। इसके साथ टाइगर स्टेट मध्यप्रदेश अब सबसे ज्यादा टाइगर रिजर्व वाला प्रदेश भी हो गया है। माधव टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश का 9वाँ और देश का 58वाँ टाइगर रिजर्व है। अब मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 985 हो गई है।**
- **रोशनी नाडार अब देश की सबसे अमीर महिला बनी हैं; अंबानी, अदाणी के बाद तीसरी सबसे धनी भारतीय–**

HCL ग्रुप के संस्थापक शिव नाडार ने हाल ही में बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा को कंपनी की 47% हिस्सेदारी ट्रांसफर की है। 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' के मुताबिक, 3.13 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ रोशनी अब तीसरी सबसे अमीर भारतीय बन गई हैं। उनसे ज्यादा संपत्ति सिर्फ मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी के पास है। पहले शिव नाडार भारत के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति थे। उनके नेतृत्व वाली HCL टेक्नोलॉजीज देश की तीसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 4.20 लाख करोड़ रुपए है। इसमें अब आधी से ज्यादा हिस्सेदारी शिव नाडार की बेटी के पास है। रोशनी ब्रिटेन की नॉथवेस्टर्न यूनवर्सिटी से कम्प्यूनिकेशन में ग्रेजुएट हैं। उन्होंने केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से एमबीए भी किया है। रोशनी ने ब्रिटेन में स्काई न्यूज में बतौर प्रोड्यूसर करिअर की शुरुआत की थी।

**टॉप 5 धनी भारतीय–**

रैंक 1 – मुकेश अंबानी (सम्पत्ति 7.69 लाख करोड़ रुपए)
रैंक 2 – गौतम अडाणी (सम्पत्ति 6.02 लाख करोड़ रुपए)

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

रैंक 3 – रोशनी नाडार (सम्पत्ति 3.13 लाख करोड़ रुपए)
रैंक 4 – शापुर मिस्त्री (सम्पत्ति 3.01 लाख करोड़ रुपए)
रैंक 5 – सावित्री जिंदल (सम्पत्ति 2.63 लाख करोड़ रुपए)

- **आंध्रप्रदेश के तिरूपति स्थित तिरूमाला के भगवान श्री वेंकटेश मंदिर में सोने और चाँदी का पेंडेंट देने वला एटीएम लगेगा। इससे 2 ग्राम, 5 ग्राम और 10 ग्राम के पेंडेंट खरीदे जा सकेंगे। पेंडेंट में भगवान वेंकटेश्वर और माँ लक्ष्मी की तस्वीर होगी। यह दुनिया का पहला सोने और चाँदी का पेडेंट एटीएम होगा।**

- **आईसीसी ने चैंपियस ट्रॉफी की टीम ऑफ द टूर्नामेंट जारी की। इसमें विजेता भारतीय टीम के 5 खिलाड़ी शामिल किए गए।**

आईसीसी टीम ऑफ द टूर्नामेंट–रचिन रवीन्द्र, इब्राहिम जादरान, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, अजमतुल्लाह ओमारजई, मिचेल सैंटनर (कप्तान), मोहम्मद शमी, मैट हेनरी, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल (12वें खिलाड़ी)।

## Newspaper of 12 March, 2025

- **आइक्यूएयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व का पाँचवाँ सबसे प्रदूषित देश। असम का बर्नीहाट सूची में शीर्ष पर, दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी–**

हाल ही में जारी स्विट्जरलैंड की वायु गुणवत्ता तकनीक कंपनी आइक्यूएयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2024 के मुताबिक दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के हैं। इस सूची में असम का बर्नीहाट सबसे ऊपर है, जबकि दिल्ली लगातार छठे साल दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बनी हुई है। दिल्ली में पीएम 2.5 का सालाना औसत स्तर पिछले साल 91.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जो 2023 के 92.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से करीब एक फीसदी कम है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत अब दुनिया का पाँचवां सबसे प्रदूषित देश है, जबकि 2023 में यह तीसरी स्थान पर था। पिछले साल भारत में पीएम 2.5 का औसत स्तर 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा।

**भारत के प्रदूषित शहर–**

1. बर्नीहाट (असम), 2. दिल्ली (राजधानी), 3. मुल्लापुर (पंजाब), 4. फरीदाबाद (हरियाणा),• 5. लोनी (उत्तर प्रदेश), 6. नई दिल्ली, 7. गुरुग्राम (हरियाणा), 8. श्रीगंगानगर (राजस्थान),• 9. ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश), 10. भिवाड़ी (राजस्थान), 11. मुजफ्फरनगर (यूपी), 12. हनुमानगढ़ (राजस्थान), 13. नोएडा (उत्तर प्रदेश)।

- **मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा–**

11 मार्च, 2025 को मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम ने पीएम नरेन्द्र मोदी को देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' से नवाजा। पीएम मोदी मॉरीशस के दो दिन के राजकीय दौरे पर हैं। मोदी ने प्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने भोजपुरी में भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यहाँ की मिट्टी में, हवा में, पानी में अपनेपन का एहसास है। पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखुल को संगम का गंगाजल व फूल मखाने भेंट किए।

## Newspaper of 13 March, 2025

- **रेटिंग एजेंसी मूडीज ने वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी 6.5% से अधिक रहने का अनुमान लगाया–**

हाल ही में रेटिंग एजेंसी मूडीज के अनुसार अगले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर (जीडीपी) 6.5% की रफ्तार से बढ़ेगी। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.3% की दर से बढ़ने की उम्मीद है। मूडीज के अनुसार केन्द्र सरकार की ओर से पूँजीगत व्यय में बढ़ोतरी, इनकम टैक्स कटौती जैसे कारकों से विकास दर में तेजी आ सकती है।

## Newspaper of 14 March, 2025

- **स्पेन में दुनिया की पहली ड्राइवरलैस बस चली; अधिकतम स्पीड 40 किमी प्रति घंटा–**

हाल ही में स्पेन के बार्सिलोना शहर में दुनिया की पहली चालक रहित मिनी बस का प्रयोगिक सफर शुरू हो गया है। बिना चालक यह बस खुद चलती है, लेन बदलने से पहले ब्रेक लगाती है। यह ड्राइवरलेस बस शहर के केन्द्र में 2.2 किलोमीटर के सर्कुलर रूट पर चल रही है, जिसमें चार स्टॉप हैं।
रेनॉल्ट कंपनी की यह बस एक बार चार्ज होने के बाद 120 किमी तक चल सकती है, इसकी अधिकतम स्पीड 40 किमी प्रति घंटा है। इसमें 10 कैमरे और 8 लिडार सेंसर लगे हैं, जो इसे सड़क पर चलने वाली कारों, बाइक्स और पैदल यात्रियों से बचाते हैं।

- **दिल्ली में जन्मी कमल खेड़ा (36) को कनाडा का स्वास्थ्य मंत्री और भारतवंशी अनीता आनंद को आर्थिक विकास मंत्री नियुक्त किया गया–**

दिल्ली में जन्मी कमल खेड़ा (36) को कनाडा का स्वास्थ्य मंत्री और भारतवंशी अनीता आंनद को आर्थिक विकास मंत्री

नियुक्त किया गया है। खेड़ा इससे पहले राष्ट्रीय राजस्व, अंतरराष्ट्रीय विकास सहित कई मंत्रालयों में मंत्री व संसदीय सचिव के रूप में काम कर चुकी हैं।

■ **यूनेस्को के वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर ने भारत की छह नई संपत्तियों को अस्थायी सूची में शामिल किया; अब इस सूची में भारत के 62 स्थल हुए–**

यूनेस्को के वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर ने भारत की छह नई संपत्तियों को अस्थायी सूची में शामिल किया है। इनमें से कुछ शृंखलाबद्ध रूप में शामिल की गई हैं। इस सूची में अब भारत के कुल 62 स्थल हो गए हैं। भारत के स्थायी प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि किसी संपत्ति को भविष्य में विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए पहले उसे अस्थायी सूची में डालना अनिवार्य होता है।

**जोड़े गए छह स्थल–**

- छत्तीसगढ़ का कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान
- तेलंगाना के मुदुमल मेगालिथिक मेनहिर्स
- मौर्यकालीन मार्गों पर स्थित अशोककालीन शिलालेख–शृंखलाबद्ध (कई राज्य)
- चौसठ योगिनी मंदिर–शृंखलाबद्ध (कई राज्य)
- उत्तर भारत के गुप्तकालीन मंदिर–शृंखलाबद्ध (कई राज्य)
- मध्यप्रदेश तथा उत्तर प्रदेश में स्थित बुंदेला राजओं के किले–महल

**Newspaper of 17 March, 2025**

■ **हाल ही में लंदन स्थित सेंट्रल बैंकिंग द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक ( आरबीआई ) को 'डिजिटल रूपान्तरण पुरस्कार-2025' के लिए चुना गया है। RBI को प्रवाह और सारथी प्रणाली डिजिटल पहल के लिए पुरस्कृत' किया गया है।**

■ **हाल ही में इसरो के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र और सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला चंडीगढ़ ने अंतरिक्ष में इस्तेमाल के लिए 'विक्रम 3201' और 'कल्पना 3201' नामक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित किए हैं। विक्रम 3201 ऐसा पहला माइक्रोप्रोसेसर है, जो प्रक्षेपण यान में काम कर सकता है।**

■ **हाल ही में इटली के तूरिन में चल रहे स्पेशल ओलंपिक विंटरगेम्स में भारत ने कुल 33 पद जीते, जिसमें 8 गोल्ड, 18 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज मेडल हैं।**

**Newspaper of 18 March, 2025**

■ **केन्द्र सरकार ने चन्द्रयान-5 मिशन को मंजूरी दी; 250 किलो वजनी रोवर भेजा जाएगा; जापान सहयोग करेगा–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। इसमें जापान हमारा सहयोगी रहेगा। चंद्रयान-3 मिशन के लिए 25 किलोग्राम का रोवर (प्रज्ञान) भेजा गया था, जबकि चंद्रयान-5 के लिए इससे दस गुना ज्यादा 250 किलो वजनी रोवर भेजा जाएगा। चंद्रयान-5 मिशन चंद्रमा की सतह के अध्ययन में मदद करेगा। इसकी तारीख अभी तय नहीं की गई है, क्योंकि इससे पहले 2027 में चंद्रयान-4 मिशन भेजा जाना है, जो चंद्रमा से नमूने लेकर आएगा। लॉन्च व्हीकल यानी रोवर और लैंडर को पहुँचाने वाला रॉकेट जापान का होगा। लैंडर इसरो तैयार करेगा।

■ **भारत और न्यूजीलैंड के बीच रक्षा सहयोग सहित छह समझौते हुए; हिंद प्रशांत में न्यूजीलैंड बनेगा सशक्त साझीदार–**

भारत और न्यूजीलैंड ने रक्षा साझीदारी को सशक्त बनाने के एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ ही न्यूजीलैंड के हिंद प्रशांत महासागरीय पहल में शामिल होने, दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने और पेशेवरों एवं कुशल कामगारों के लिए आसान आवाजाही की व्यवस्था बनाने का ऐलान किया।

17 मार्च, 2025 को पीएम नरेन्द्र मोदी व न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये फैसले लिए गए। दोनों नेताओं के बीच लंबी बैठक के बाद चार घोषणाएँ की गई और छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। निवेश, रक्षा-सुरक्षा, शिक्षा और अनुसंधान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी कृषि-प्रौद्योगिकी के साथ अंतरिक्ष, जनसंख्या गतिशीलता और खेल के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।

**ये अहम समझौते हुए–**

- व्यापार को सुगम बनाने के लिए 'ऑथराइज्ड इकोनॉमिक ऑपरेटर्स म्यूचुअल रिकग्निशन अरेंजमेंट' पर हस्ताक्षर।
- बागवानी में सहयोग के लिए 'मेमोरेंडम ऑफ कोऑपरेशन' और 'लेटर ऑफ द इंटेंट' पर हस्ताक्षर।
- पर्यटन को बढ़ावा देने और नॉन-स्टॉप उड़ान सेवाएँ शुरू करने के लिए एयर सर्विसेज एग्रीमेंट को अपडेट किया गया।
- रक्षा सहयोग समझौते के तहत संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा कॉलेजों में प्रशिक्षण आदि पर सहमति बनी।
- भारत-न्यूजीलैंड के बीच 'शिक्षा सहयोग व्यवस्था' पर हस्ताक्षर, भारतीय छात्रों के लिए न्यूजीलैंड में उच्च शिक्षा के अवसरों का विस्तार करने पर सहमति बनी।
- 'खेल सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर किए गए। 2026 में भारत-न्यूजीलैंड के 100 साल के खेल संबंधों का

जश्न मनाने के लिए 'स्पोर्टिंग यूनिटी' कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा।

■ **एंड्रयू ब्राउनली ने बनाया विश्व रिकॉर्ड; 62 साल की उम्र में अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया–**

हाल ही में फॉकलैंड द्वीप समूह के 62 वर्षीय एंड्रयू ब्राउनली ने अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है। उन्होंने 10 मार्च, 2025 को फॉकलैंड द्वीप समूह के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। ऑलराउडर ब्राउनली ने गुआसीमा में कोस्टा रिका के खिलाफ टी-20 मैच से अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर सबको चौंका दिया।

ब्राउनली ने उस्मान गोकर का रिकॉर्ड तोड़ा। उस्मान ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच तुर्की के लिए 59 साल की उम्र में खेला था। उन्होंने 2019 में इलफोव काउंटी में रोमानिया के खिलाफ टी-20 मैच खेला था। वैसे ब्राउनली ने अपने करियर में तीन टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें तीन पारियों में उन्होंने छह रन बनाए हैं। उन्होंने अभी तक केवल एक ओवर गेंदबाजी की है।

भारत की ओर से सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रुस्तम जमशेदजी थे, जिन्होंने 41 साल और 27 दिन की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

स्वेतलाना जिब्लेरमन विश्व बैडमिंटन चैपियनशिप में पदार्पण करने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। ये मिश्रित युगल में अपने बेटे मिशा के साथ खेलने उतरी थीं।

अमेरिकी पेशेवर टेनिस खिलाड़ी जिल फाल्केनबर्ग ने 76 वर्ष की आयु में 2023 में आइटीएफ विश्व महिला टेनिस टूर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।

■ **ओलंपिक 2028 में हो सकती है मुक्केबाजी शामिल–**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने सिफारिश की है कि लॉस एंजिलिस में 2028 ओलंपिक खेलों ने मुक्केबाजी को शामिल किया जाए। हालांकि अंतिम निर्णय आइओसी द्वारा किया जाएगा, लेकिन निवर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक को उम्मीद है कि इसे हरी झंडी मिल जाएगी। बॉक्सिंग को लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था, जिसे 2022 में जारी किया गया था। हालांकि विश्व मुक्केबाजी को खेल के शासी निकाय के रूप में अंतिम मान्यता मिलने के बाद, आइओसी ने अपनी सिफारिश की पुष्टि की है।

■ **हाल ही में दिल्ली पुलिस ने महिलाओं से छेड़छाड़ के मामलों से निपटने के लिए 'शिष्टाचार' स्क्वॉड बनाई है। इसके तहत राजधानी दिल्ली में 30 टीमें तैनात की जाएंगी।**

## Newspaper of 19 March, 2025

■ **अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के खेल कार्यक्रम में मुक्केबाजी को शामिल करने को मंजूरी दी–**

हाल ही में ओलंपिक समिति (आइओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के खेल कार्यक्रम में मुक्केबाजी को शामिल करने को मंजूरी दे दी है।

गौरतलब है कि मुक्केबाजी 1904 से ओलंपिक खेल का हिस्सा रहा है, लेकिन संचालन और वित्तीय प्रबंधन से संबंधित मुद्दों के कारण आइओसी ने 2019 में अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ की मान्यता को निलंबित कर दिया था।

भारतीय बॉक्सरों ने ओलंपिक खेलों के इतिहास में कुल तीन कांस्य पदक जीते हैं।

## Newspaper of 20 March, 2025

■ **नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स एवं बुच विल्मोर 286 दिन बाद अंतरिक्ष स्पेस स्टेशन (ISS) से धरती पर सुरक्षित वापिस लौटे–**

19 मार्च, 2025 को नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स व बुच विल्मोर 286 दिन बाद इन दोनों अंतरिक्ष स्पेस स्टेशन (ISS) से धरती पर सकुशल वापिस लौटे। इन दोनों यात्रियों को 45 दिन के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए ह्यूस्टन ले जाया गया।

सुनीता विलियम्स ने ISS में 900 घंटे रिसर्च, 150 प्रयोग तथा स्पेस स्टेशन का रखरखाब किया। 900 घंटे रिसर्च, 150 प्रयोग किए; जैसे-माइक्रोग्रैविटी कैसे असर करती है, लंबे मिशन के लिए फ्यूल सेल रिएक्टर कैसे बना सकते हैं। बायोन्यूट्रिएंट्स पर रिसर्च से अंतरिक्ष यात्रियों के विटामिन-खनिज लेने का तरीका बदल सकता है। सुनीता विलियम्स ने 3 महीने ताजे फल-सब्जी से काम चलाया। वे खत्म हुए तो नासा की लैब में तैयार पैक्ड फूड जैसे पिज्जा, रोस्टेड चिकन, अंडे, झींगा, कॉकटेल, ड्राई फल-सब्जियाँ खाईं। नाश्ते में पाउडर दूध लिया। पानी, सूप के लिए 2000 लीटर क्षमता वाले टैंक का उपयोग किया।

उल्लेखनीय है कि भारतीय मूल की 59 वर्षीय अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स स्पेस एक्स के कैप्सूल से धरती पर लौटीं। स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट की स्पेस स्टेशन के लिए अगली उड़ान से भी एक भारतीय का नाम जुड़ा है। देश के अंतरिक्ष इतिहास में पहली बार कोई भारतीय स्पेस स्टेशन की यात्रा करेगा। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन पर इसी साल आईएसएस जाएंगे। शुक्ला भारत के महत्त्वकांक्षी गगनयान मिशन का भी हिस्सा हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **केन्द्रीय कैबिनेट ने प्रोत्साहन योजना मंजूर की; ₹ 2000 से कम की यूपीआई लेन-देने पर शुल्क नहीं–**

छोटे व्यापारियों के लिए 2000 तक के यूपीआइ लेनदेन पर कोई शुल्क नही लगेगा। केन्द्रीय कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में यूपीआइ लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए 1500 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत सरकार किसी भी व्यक्ति द्वारा व्यापारी को किए गए 2000 रुपए से कम के भुगतान पर एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) व्यय वहन करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि भारत के यूपीआइ सिस्टम को छह देशों ने अपनाया है।

**0.15 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन राशि–**

वैष्णव ने बताया की लघु व्यापारियों की श्रेणी से संबंधित 2000 रुपए तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर 0.15 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। योजना के तहत अधिग्रहणकर्ता बैंकों को स्वीकृत दावा राशि का 80% बिना शर्त के वितरित किया जाएगा। शेष 20% तभी जारी की जाएगी, जब बैंक की तकनीकी विफलता 0.75% से कम रहे और सिस्टम अपटाइम 99.5% से अधिक बना रहे।

## Newspaper of 21 March, 2025

- **रक्षा मंत्रालय ने ₹ 54,000 करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी दी–**

20 मार्च, 2025 को रक्षा मंत्रालय की डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (डीएसी) ने 54000 करोड़ रुपए से अधिक के रक्षा सौदों को मंजूरी दे दी। इन प्रस्तावों के तहत भारतीय नौसेना के लिए वरुणास्त्र टॉरपीडो खरीद की योजना भी मंजूर की गई है, जिसका निर्माण भारत डायनेमिक्स करती है। रक्षा क्षमताओं में बढ़ोतरी के मकसद से इन प्रस्तावों के तहत टी–90 टैंकों के लिए 1350 एचपी इंजन, एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कट्रोल एयरक्राफ्ट प्रणाली आदि की खरीद को मंजूदी दी गई है।

**स्वदेशी तोप के लिए 7000 करोड़ मंजूर–**

भारतीय सेना को जल्द स्वदेशी आर्टिलरी गन से लैस किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने घरेलू स्तर पर निर्मित 307 तोपों के साथ टोइंग व्हीकल्स के लिए 7000 करोड़ रुपए के सौदे को मंजूरी दे दी है।

एडवांस्ड टॉड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) सौदे में 327 टोइंग ट्रक शामिल है। स्वदेशी आर्टिलरी गन 155 मिमी/52-कैलिबर की है। इससे 15 सेकण्ड में तीन राउंड गोले दागे जा सकते हैं। यह करीब 48 किलोमीटर दूर तक दुश्मन और उसके ठिकानों को निशाना बना सकती है।

डीआरडीओ ने तोप निर्माण के लिए दो निजी फर्मों भारत फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड के साथ समझौता किया है। यह ऑर्डर दोनों कंपनियों के बीच विभाजित किया जाएगा। भारत फोर्ज 60 फीसदी, जबकि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स 40 फीसदी तोपों का निर्माण और आपूर्ति करेगी। केन्द्रीय बजट में इस बार रक्षा बजट के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है। इसमें 1.8 लाख करोड़ का आवंटन सेना के आधुनिकीकरण के लिए किया गया।

- **हाल ही में जारी नोकिया की वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड सूचकांक (एमबीआइटी) रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में औसत 5जी डेटा खपत प्रति यूजर प्रतिमाह 40 जीबी तक पहुँच गई है, वहीं अगले तीन साल में 5जी के कुल ग्राहकों की संख्या देश में 2.65 गुना बढ़कर 77 करोड़ पर पहुँचने की उम्मीद है। अभी देश में 29 करोड़ से अधिक 5जी यूजर हैं। पिछले 5 साल में 4जी, 5जी डेटा की खपत 19.5% सालाना बढ़कर 27 जीबी हो गई। 2024 में 5जी डेटा यूज तीन गुना बढ़ा है।**

- **वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स 2025 की रिपोर्ट के अनुसार फिनलैंड लगातार 8वें साल सबसे खुशहाल देश, भारत 8 पायदान चढ़कर 118वें नंबर पर रहा–**

दुनिया के सबसे खुशहाल देशों में फिनलैंड लगातार आठवीं बार टॉप पर है। खुशी के 10 अंकों में से फिनलैंड का औसत 7.7 है, जो वैश्विक औसत 5.6 से बहुत ऊपर है। 147 देशों की इस रैंकिंग में भारत को 118वाँ स्थान मिला है। पिछले साल भारत 126वें स्थान पर था। एक साल में भारत की रैकिंग में आठ पायदान का सुधार हुआ है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वेलबीइंग रिसर्च सेंटर की वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2025 में पाकिस्तान को 109वाँ स्थान मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, खुशहाली सिर्फ आर्थिक विकास से तय नहीं होती, बल्कि इसमें लोगों का आपसी भरोसा और सामाजिक जुड़ाव भी बड़ी भूमिका निभाते हैं। देशों की रैकिंग उन जवाबों पर आधारित है, जो लोगों ने तब दिए, जब उनसे उनके खुद के जीवन को रेट करने के लिए कहा गया। यह अध्ययन गैलप और यूएन सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशन नेटवर्क के साथ साझेदारी में किया गया।

रैकिंग में टॉप–20 में यूरोपीय देशों का दबदबा है, लेकिन कुछ अपवाद भी है। हमास के साथ युद्ध के बावजूद, इजरायल 8वें स्थान पर है। कोस्टारिका और मैक्सिको पहली बार खुश देशों के टॉप–10 में शामिल हुए। ये क्रमश: छठे और 10वें स्थान पर हैं। अमेरिका इस रैंकिंग में अपने अब तक के सबसे निचले 24वें नंबर पर है। इससे पहले 2012 में वह 11वें स्थान पर था। ब्रिटेन 23वें स्थान पर है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 22 March, 2025

- **फीफा वर्ल्डकप 2026 में जापान की फुटबॉल टीम क्वालीफाई करने वाली पहली टीम–**

हाल ही में बहरीन को 2-0 से हराने के साथ ही जापान की फुटबॉल टीम 2026 फीफा विश्वकप के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है। दूसरे हाफ में दाइची कामदा ने 66वें और टेकफुसा कुबो ने 87वें मिनट में गोल कर जापान की जीत सुनिश्चित की। जापान की टीम आठवीं बार फीफा विश्व कप में खेलने उतरेगी। जापान की टीम पिछले दो विश्व कप में अंतिम-16 में पहुँचने में सफल रही थी।

- **वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोग बनाने वाला केरल पहला राज्य बना–**

हाल ही में केरल वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोग बनाने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। आयोग बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा, कल्याण और पुनर्वास पर ध्यान केन्द्रित करेगा। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि वृद्धों के कल्याण में पहले से सभी राज्यों से आगे केरल ने आयोग बनाकर एक और उदाहरण पेश किया है। आयोग के लिए विधेयक विधानसभा में पारित किया गया है।

देशभर में बुजुर्गों की उपेक्षा, शोषण और परित्याग के मामले बढ़ रहे है। यह आयोग इन चुनौतियों से प्राथमिकता के आधार पर निपटने के लिए काम करेगा। इसके अलावा यह वरिष्ठ नागरिकों के पुनर्वास की सुविधा के लिए सक्रिय कदम उठाएगा। आयोग वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सुरक्षा से संबधित मामलों पर नीतिगत दिशा-निर्देश भी तैयार करेगा।

आयोग में एक अध्यक्ष और कम से कम चार सदस्य होंगे, जिन्हें सरकार अधिसूचना के जरिए नियुक्त करेगी। अध्यक्ष समेत सभी सदस्य वरिष्ठ नागरिक होंगे। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कम से कम एक सदस्य अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित हो और एक महिला सदस्य भी हो।

## Newspaper of 23 March, 2025

- **प्रसिद्ध हिन्दी लेखक विनोद कुमार शुक्ल को 59वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला; सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान पाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले लेखक हैं–**

प्रसिद्ध हिंदी लेखक विनोद कुमार शुक्ल को 59वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह भारत का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है। वे छत्तीसगढ़ के पहले लेखक हैं, जिन्हें यह अवॉर्ड मिलेगा। 88 वर्षीय शुक्ल कहानीकार, कवि और निबंधकार हैं। हिंदी के समकालीन लेखकों में हैं। 50 वर्षों से साहित्य की सेवा कर रहे हैं। वे ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले 12वें हिंदी लेखक हैं। 'नौकर की कमीज', 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' और 'सब कुछ होना बचा रहेगा' उनकी प्रमुख किताबें हैं।

विनोद कुमार शुक्ल को 1999 में 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार, पिछले साल पेन अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति के लिए नाबोकॉव अवॉर्ड दिया। एशिया में यह सम्मान पाने वाले वे पहले साहित्यकार हैं।

- **केन्द्र सरकार सभी सरकारी भर्तियों के लिए एकल जॉब आवेदन पोर्टल बनाने पर काम कर रही है। इससे उम्मीदवारों को अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर आवेदन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने शनिवार को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ( डीओपीटी ) में एक उच्च स्तरीय बैठक के बाइ इसकी जानकारी दी।**

## Newspaper of 24 March, 2025

- **दुनिया की सबसे छोटी बकरी केरल में; कद सिर्फ 1.3 फुट; गिनीज बुक में शामिल–**

दुनिया की सबसे छोटी बकरी केरल के एक किसान के पास है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड्स में इस बकरी को दुनिया की सबसे छोटी जिंदा बकरी के रूप में मान्यता मिली है। इसके मालिका पीटर लेनू को पता था कि उसकी बकरी 'करुम्बी' काफी छोटी है। गिनीज बुक के मुताबिक बकरी का जन्म 2021 में हुआ था। उसका कद 1 फुट 3 इंच है। बकरी कनाडाई पिग्मी प्रजाति की है, जो बौनेपन को लेकर पहचानी जाती है। इन बकरियों के पैर आमतौर पर 21 इंच से ज्यादा नहीं बढ़ते।

## Newspaper of 25 March, 2025

- **डीओटी ने शुरू की आइसीआर सर्विस; मोबाइल में सिग्नल नहीं आने पर दूसरी कंपनी का नेटवर्क इस्तमाल करेंगे–**

हाल ही में दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने रिमोट एरिया के लिए इंट्रा सर्किल रोमिंग (आइसीआर) सर्विस शुरू कर दी है, जिसे जनवरी, 2025 में लॉन्च किया गया था। आइसीआर सर्विस के जरिए मोबाइल यूजर्स को किसी भी रिमोट एरिया में बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और नेटवर्क नहीं होने पर वे दूसरी टेलीकॉम कंपनी के नेटवर्क का इस्तेमाल कर सकेंगे।

आइसीआर सर्विस के जरिए यूजर्स को केवल 4जी कनेक्टिविटी मिलेगी। यूजर 5 जी इंटरनेट का लाभ नहीं उठा पाएंगे। यूजर्स को कॉल और एसएमएस में कोई परेशानी नहीं

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

होगी। इसके लिए कोई रोमिंग चार्ज नहीं लगेगा। डिजिटल भारत निधि के जरिए देशभर में करीब 27000 4जी मोबाइल टावर लगाए गए हैं, जिससे 35000 से अधिक गांवों में कनेक्टिविटी मिलेगी।

**ऐसे मिलेगी सेवा**–चाहे आप किसी भी किसी भी टेलीकॉम कंपनी का सिम क्यों न इस्तेमाल करते हों, नेटवर्क कनेक्टिविटी में दिक्कत नहीं आएगी। इंट्रा सर्किल रोमिंग में यूजर दूसरे मोबाइल ऑपरेटर के नेटवर्क का इस्तेमाल कर मोबाइल सेवा का इस्तेमाल कर सकते हैं। दूरसंचार विभाग ने टेलीकॉम ऑपरेटर्स के साथ मिलकर आइसीआर मोबाइल यूजर्स के लिए उपलब्ध कराई है। हालांकि, यह सुविधा केवल डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) की ओर से लगाए गए मोबाइल टावर से ली जा सकेगी।

## ■ सांसदों की सैलरी 24 फीसदी बढ़ी; अब 1.24 लाख रुपए प्रतिमाह मिलेंगे; अप्रैल, 2023 से लागू हुई–

हाल ही में केन्द्र सरकार ने सांसदों की सैलरी में 24% की बढ़ोतरी की अधिसूचना जारी कर दी है। बढ़ोतरी 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। अब सांसदों को हर माह 1.24 लाख रुपए वेतन मिलेगा। अधिसूचना में बताया गया कि सांसदों के दैनिक भत्ते, पूर्व सांसदों की पेंशन और अतिरिक्त पेंशन में भी इजाफा किया गया है। सांसदों को संसद सत्र और संसदीय समितियों की बैठकों में भाग लेने के दौरान दैनिक भत्ता मिलता है। इसे 2000 से 2500 रुपये किया गया है। पूर्व सांसदों को पेंशन 25000 रुपये प्रति माह से 31000 रुपये कर दी गई है। पाँच साल से अधिक की सेवा के लिए अतिरिक्त पेंशन भी 2000 से 2500 रुपये कर दी गई है। सांसदों को 87000 रुपये प्रति माह निर्वाचन क्षेत्र भत्ता मिलेगा, जो पहले 70000 रुपये था। कार्यालय खर्च की राशि भी 60000 से 75000 रुपये कर दी गई है। इसमें से 50000 कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवाओं के लिए और 25000 रुपये स्टेशनरी के लिए होंगे।

सांसद कार्यालय में 1 लाख रुपये का टिकाऊ और 25000 रुपये का गैर-टिकाऊ फर्नीचर खरीद सकते हैं। यह सीमा पहले 80000 रुपये व 20000 रुपये थी। सांसदों को दिल्ली में आवासीय सुविधा, बिजली, पानी, टेलीफोन और इंटरनेट खर्च मिलते हैं।

**सांसदों का मूल वेतन ऐसे बढ़ा–**

| साल | मूल वेतन (₹) | बढ़ोतरी के बाद (₹) |
|---|---|---|
| 2006 | 12000 | 16000 |
| 2010 | 16000 | 50000 |
| 2018 | 50000 | 100000 |
| 2025 | 100000 | 124000 |

## ■ अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के अनुसार एक दशक में अमेरिका-चीन से ज्यादा तेज बढ़ी भारत की जीडीपी–

| देश | 2015 | 2025 | वृद्धि दर |
|---|---|---|---|
| भारत | 2.1 | 4.3 | 105% |
| अमेरिका | 18.3 | 30.3 | 66% |
| चीन | 11.1 | 19.5 | 76% |
| जर्मनी | 3.4 | 4.9 | 44% |
| जापान | 4.4 | 4.4 | 0% |

जीडीपी (ट्रिलियन डॉलर में)

भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 10 साल में बढ़कर दोगुना हो गया है। वर्ष 2015 से 2025 की अवधि में जीडीपी बढ़ने की रफ्तार 105 फीसदी रही। यह अमेरिका और चीन जैसे दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले काफी तेज है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय जीडीपी 2015 में 2.1 ट्रिलियन डॉलर थी, जो 2025 में बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है। इस अवधि में अमेरिका की जीडीपी का आकार 30.3 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है। चीन की अर्थव्यवस्था 11.1 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 19.5 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी, जो 76 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है।

## ■ वेनेजुएला से तेल खरीदने वालों पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प 25% टैरिफ लगाएंगे, भारत भी शामिल–

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रम्प के मुताबिक इसका मकसद वेनेजुएला को दंडित करना है। ट्रम्प ने कहा, वेनेजुएला जानबूझकर और धोखे से अमेरिका में अपराधियों और हिंसक गैंग के सदस्यों को भेजता है, जिनमें ट्रेन डी अरागुआ जैसे आतंकी संगठन भी हैं। इन अपराधियों को वापस भेजेंगे।' ट्रम्प के इस फैसले से भारत की ऊर्जा रणनीति प्रभावित हो सकती है। भारतीय रिफाइनरियों ने हाल ही में वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू किया था। इस फैसले के बाद उन्हें अतिरिक्त लागत और आपूर्ति सुरक्षा जैसे नए संकटों का सामना करना पड़ सकता है।

## ■ भोपाल जंक्शन पर प्रदेश का पहला पॉड होटल–

भोपाल जंक्शन पर प्रदेश का पहला पॉड स्टाइल होटल तैयार हो गया। यह सुविधा 4 अप्रैल से आम लोगों के लिए उपलब्ध होगी। दरें अभी तय नहीं हुई, पर जल्द घोषणा होगी। यह उनके लिए बेहतर होगा, जो कुछ समय विश्राम करना चाहते हैं या ट्रेन के लंबे इंतजार के दौरान सुस्ताना चाहते हैं। भोपाल से रोज 40 हजार लोग सफर करते हैं। 235 ट्रेनें गुजरती है। पॉड होटल प्लेटफॉर्म 6 की ओर बनाया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

बुकिंग आइआरसीटीसी की वेबसाइट व ऑफलाइन माध्यम से होगी। पीएनआर नंबर अनिवार्य होगा।

**पॉड होटल में निम्न सुविधाएँ होंगी–**

- **एसी :** हर पॉड में एयर कंडीशनिंग की व्यवस्था।
- **वाइ-फाइ :** यात्रियों के लिए हाई-स्पीड वाइ-फाइ।
- **बिस्तर :** आरामदायक बिस्तर और तकिए।
- **टॉयलेट :** पुरुष और महिलाओं के लिए अलग।
- **लॉकर :** सामान के लिए लॉकर और लगेज रूम।
- **चार्जिंग पॉइंट :** मोबाइल व अन्य के लिए।
- **टीवी :** मनोरंजन के लिए हर पॉड में टीवी।

**78 पॉड्स, 58 सिंगल व 20 फैमिली.......**छोटे केबिन (पॉड) में सोने, आराम करने और सामान रखने के लिए पर्याप्त जगह होती है। इसे ऐसे डिजाइन किया जाता है कि यात्री कम खर्च में सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से रुक सके। 78 पॉड्स बनाए हैं, जिनमें 58 सिंगल पॉड और 20 फैमिली पॉड्स हैं। सिंगल पॉड एक व्यक्ति के लिए डिजाइन किया है। फैमिली पॉड्स में दो वयस्क और दो बच्चे ठहर सकते हैं।

## Newspaper of 26 March, 2025

- **हाल ही में भारत ने अपनी पहली स्वदेशी एमआरआई मशीन तैयार कर ली है, जिसे अक्टूबर, 2025 तक एम्स दिल्ली में ट्रायल के लिए स्थापित किया जाएगा। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत इस कदम से इससे इलाज की लागत कम होगी। वर्तमान में भारत 80-85% चिकित्सा के उपकरणों को इंपोर्ट करता है, जिससे इलाज महँगा पड़ता है।**

- **हाल ही में लोकसभा ने 'एक देश एक चुनाव' समिति के कार्यकाल को संसद के मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ा दिया है। वहीं, राज्यसभा से एक नए सदस्य को रिक्त पद के लिए इसमें शामिल किया जाएगा। इस समिति का गठन पिछले शीतकालीन सत्र में किया गया था। 'वन नेशन वन इलेक्शन' के तहत सरकार ने देश में वर्ष 2029 तक एक साथ चुनाव कराने का लक्ष्य रखा है।**

उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय कैबिनेट से इस विधेयक को मंजूरी मिल चुकी है। संसद के दोनों सदनों में विधेयक पास होना बाकी है।

## Newspaper of 27 March, 2025

- **डीआरडीओ और भारतीय नौसेना ने सरफेस-टू-एयर मिसाइल का सफल परीक्षण किया–**

26 मार्च, 2025 को देश की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने स्वदेशी रूप से विकसित वर्टिकल-लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल का सफल परीक्षण किया। ओडिशा के चाँदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में दोपहर लगभग 12.00 बजे इसका परीक्षण किया है। इस मिसाइल की खासियत यह है कि यह रडार की पकड़ में नहीं आती है।

- **हाल ही में पूर्व ईडी निदेशक संजय कुमार मिश्रा (65) को पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद् का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि यह पद पूर्व अध्यक्ष विवेक देबरॉय के निधन के बाद से रिक्त था।**

- **केन्द्र सरकार ने दो प्रमुख घोषणाएँ कीं–**

**–ईएसआइ सदस्यों का 'आयुष्मान' अस्पतालों में भी मुफ्त ईलाज होगा (3.72 करोड़ कामगारों को फायदा मिलेगा–31 हजार अस्पतालों में ईलाज हो सकेगा)**

जल्द ही राज्य कर्मचारी बीमा निगम (ईएसआइसी) से जुड़े सदस्यों और उनके परिजनों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जुड़े अस्पतालों में भी मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। केन्द्रीय श्रम मंत्रालय संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक और स्वास्थ्य सेवा का विस्तार करने जा रहा है। इसके तहत अप्रैल के अंत तक ईएसआइसी सदस्यों को आयुष्मान भारत के पैनल में शामिल अस्पतालों में भी इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

इस फैसले से संगठित क्षेत्र के कामगारों-लाभार्थियों के लिए देश के करीब 31000 सरकारी व निजी अस्पतालों में इलाज का रास्ता खुल जाएगा, जिसमें 150 से अधिक ईएसआइसी के अस्पताल व 1600 डिस्पेंसरी शामिल हैं। ईएसआइसी के तहत आयुष्मान भारत पैनल में शामिल अस्पतालों में इलाज के लिए किसी तरह की कैपिंग नहीं होगी।

**यह होगा लाभ :** देश के कई हिस्सों में ईएसआइसी के अस्पताल नहीं है। इससे सदस्यों को इलाज करवाने में परेशानी होती है। जहाँ अस्पताल है भी, वहाँ कई बीमारियों का इलाज नहीं हो पता है या उन अस्पतालों में सुविधाएँ नहीं होती है।

**14.45 करोड़ लोग लाभांवित होंगे–**वर्तमान में 3.72 करोड़ ईएसआइसी से जुड़े सदस्य हैं। प्रावधानों के हिसाब से एक सदस्य के परिवार में 3.88 सदस्य माने जाते हैं। इस हिसाब से देखा जाए तो कुल सदस्य व परिजनों की संख्या 14.45 करोड़ बैठती है, जिन्हें चिकित्सा लाभ मिलेगा।

**पाँच लाख रुपए तक इलाज की सीमा नहीं–**आयुष्मान योजना के अंतर्गत इलाज करवाने के लिए 5 लाख रुपए तक

की लिमिट है। यह सीमा ईएसआईसी के सदस्यों के इलाज के लिए लागू नहीं होगी। उनके इलाज पर जितना भी खर्च आएगा वह ईएसआइसी की ओर से उठाया जाएगा।

**–ओला-अबर की तरह 'को-ऑपरेटिव टैक्सी सर्विस' शुरू होगी (सबसे बड़ी सहकारिता इंश्योरेंस कंपनी खुलेगी, बिल पास हुआ)**

केन्द्र सरकार अब ओला-उबर की तरह देश में सहकारिता मॉडल पर टैक्सी सर्विस शुरू करने जा रही है। दूरदराज के क्षेत्रों में बाइक, रिक्शा और कार वाले रजिस्ट्रेशन कराकर सर्विस से जुड़ेंगे। इससे जहाँ रोजगार बढ़ेगा, वहीं जनता को सस्ते रेट पर सफर की सुविधा भी मिल सकेगी। इसके अतिरिक्त, सहकारिता मंत्रालय देश की सबसे बड़ी सहकारिता इंश्योरेंस कंपनी भी खोलने की पहल कर रहा है। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में इसका ऐलान किया।

गृहमंत्री ने कहा कि आने वाले कुछ ही समय में कोऑपरेटिव इंश्योरेंस कंपनी देश की सभी कोऑपरेटिव व्यवस्था का इंश्योरेंस करेगी। कुछ ही समय में प्राइवेट सेक्टर में भी यह सबसे बड़ी को-ऑपरेटिव इंश्योरेंस कंपनी बन जाएंगी।

गृहमंत्री अमित शाह ने टैक्सी सर्विस के बारे में बताया कि कुछ ही महिनों में को-ऑपरेटिव बेसिस पर इसकी शुरुआत होगी। ओला-ऊबर जैसी ही व्यवस्था होगी। लेकिन, इसमें सबसे बड़ा अंतर होगा कि इसमें मुनाफा सीधे ड्राइवर के पास जाएगा। सहकार टैक्सी सर्विस में बाइक, कार के साथ रिक्शा भी रजिस्ट्रेशन होगा।

- **देश की पहली सहकारी यूनिवर्सिटी गुजरात में खुलेगी; लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी बिल पास हुआ–**

26 मार्च, 2025 को लोकसभा ने गुजरात के आणंद में देश की पहली सहकारी यूनिवर्सिटी स्थापित करने के लिए विधेयक पारित कर दिया। यूनिवर्सिटी का नाम त्रिभुवनदास किशीभाई पटेल के नाम पर रखा गया। वे भारत में सहकारी आंदोलन के अग्रदूत में से एक थे। उन्होंने अमूल की नींव रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## Newspaper of 29 March, 2025

- **28 मार्च, 2025 को म्यांमार एवं थाइलैंड में आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकम्प और उसके बाद 6.8 तीव्रता के शक्तिशाली आफ्टर शॉक से बहुत अधिक जान-माल का नुकसान हुआ। भूकंप का केन्द्र सागाइंग के उत्तर-पश्चिम में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकम्प का असर म्यांमार, थाइलैंड, पूर्वोत्तर भारत और चीन के कुछ हिस्सों तक भी रहा।**

**गौरतलब है भारत ने भूकम्प से सहायता हेतु 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया है।**

## Newspaper of 31 March, 2025

- **दृष्टिहीनों के लिए कटक में देश की पहली यूनिवर्सिटी खुलेगी–**

ओडिशा के कटक में दृष्टिहीनों के लिए भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय खुलने जा रहा है। केन्द्र की एक टीम ने हाल ही में दौरा कर बारंगा के पास 40 एकड़ जगह तय की है। सरकार ने विश्वविद्यालय का नाम ओडिशा के प्रसिद्ध दृष्टिहीन कवि और 19वीं सदी के समाज सुधारक संत 'कबी भीमा भोई' के नाम पर रखने में रुचि जताई है। गौरतलब है कि देश में करीब 50 लाख लोग दृष्टिहीन हैं।

- **जम्मू के पवन कुमार देश के पहले दृष्टिहीन तीरंदाज, मई 2025 में वर्ल्ड रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे–**

देश के पहले दृष्टिहीन तीरंदाज पवन कुमार हैं। जन्म से देख नहीं सकते, लेकिन 30 मीटर की दूरी तक सटीक निशाना लगाते हैं। इस कैटेगरी में पवन भारत के पहले प्रतिनिधि होंगे। अब तक देश में कोई दृष्टिबाधित तीरंदाज नहीं था। इसलिए इस कैटेगरी में भारत ने कभी हिस्सा नहीं लिया, लेकिन इस बार पवन और उनके कोच को भरोसा है कि वे इस कैटेगरी में गोल्ड लाएंगे।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## कैलाश नागौरी की शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित हिन्दी की प्रसिद्ध पुस्तकें बाजार में उपलब्ध




## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें







संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com